अप्प-विहवो

(आत्म वैभव)

आचार्य वसुनन्दी मुनि

ग्रंथ	:	अप्प विहवो (आत्म वैभव)
मंगल आशीर्वाद	:	परम पूज्य श्वेतपिच्छाचार्य श्री 108 विद्यानन्द जी मुनिराज
ग्रंथकार	:	अभीक्षण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री 108 वसुनन्दी जी मुनिराज
संपादन	:	आर्यिका वर्धस्वनंदनी
प्राप्ति स्थान	:	• श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली, बोलखेड़ा (कामां) राजस्थान
संस्करण	:	द्वितीय 1000 (सन् 2021)
प्रकाशक	:	निर्ग्रंथ ग्रंथमाला समिति (पंजी.)
मुद्रक	:	पारस प्रकाशन, दिल्ली मो.: 9811374961, 9818394651, 9811363613 pkjainparas@gmail.com, kavijain1982@gmail.com

संपादकीय

ज्ञानाद्वितं वेत्ति ततः प्रवृत्तिं, रत्नत्रये संचित कर्म मोक्षः।
ततस्ततः सौख्यमबाध मुच्चैस्तेनात्रयत्नं विदधाति दक्षः॥

मनुष्य ज्ञान से हित को जानता है, हित का ज्ञान होने से रत्नत्रय में प्रवृत्ति करता है, रत्नत्रय में प्रवृत्ति करने से संचित कर्मों से मोक्ष होता है और संचित कर्मों के मोक्ष से निर्बाध उत्तम सुख की प्राप्ति होती है, इसलिये चतुर मनुष्य ज्ञान में प्रयत्न करते हैं।

भव्य-नराः ज्ञानरथाधिरूढाः, व्रजन्ति शीघ्रं शिवपत्तनञ्च।
अज्ञानिनो मौढ्यरथाधिरूढाः, व्रजन्ति श्वभ्राभिधपत्तनं वै॥

ज्ञान रूपी रथ पर सवार हुए भव्य जीव शीघ्र मोक्षरूपी नगर को प्राप्त होते हैं और मूर्खतारूपी रथ पर सवार हुए अज्ञानी जीव निश्चय से नरकरूपी नगर को प्राप्त होते हैं।

चेतना के क्षितिज पर उदीयमान सम्यग्ज्ञान का आदित्य अज्ञान रूपी तम को तिरोहित कर वस्तु का सम्यक् अवबोध कराने में समर्थ होता है और सम्यग्ज्ञान का यह मिहिर श्रुताभ्यास स्वाध्याय से तेजस्विता को प्राप्त होता है। ''सम्यग्ज्ञान का वह सूर्य कषायों का अवशोषण, भोग रूपी कीटाणुओं का नाश, सम्यगावबोध का प्रकाश फैलाता है।'' स्वाध्याय में निरत व्यक्ति के लिये मोक्ष रूपी दुर्ग तक पहुँचने में बाधक संसार का यह दुर्गम व दुर्लंघ्य सा प्रतीत होने वाला गिरी राईवत् हो जाता है जिससे मोक्ष यात्रा सरल व सुगम हो जाती है।

अतः भव्य जीवों के हितार्थ आचार्य श्री ने मूलभाषा प्राकृत में

ग्रंथों का लेखन किया, जिससे भाषा को जीवंतता भी प्राप्त हो और सद्साहित्य के आलोक से संपूर्ण विश्व प्रकाशित हो सके।

यह ग्रंथ 378 गाथाओं में अनुबद्ध किया गया है। यह ग्रंथ मानो आत्मा के वैभव का दिग्दर्शन कराने वाला ही है। इस ग्रंथ में 12 अध्याय हैं और इसका सौष्ठव यह है कि प्रत्येक अध्याय के प्रारंभ में दो-दो तीर्थंकरों के नमन रूप दो-दो मंगलाचरण निबद्ध हैं। इस प्रकार 12 अध्यायों में 24 तीर्थंकरों का स्तवन मन आह्लादित करने वाला, विशुद्धिवर्द्धक व शांतिकारक है। प्रथम द्रव्याधिकार के अन्तर्गत षट् द्रव्यों का निरूपण है व द्वितीय उपयोगाधिकार में शुभ, अशुभ व शुद्धोपयोग की स्थिति आदि का वर्णन है। गुणस्थानों के नाम व स्वरूप के लिये तृतीय गुणस्थान नामक अधिकार है। जीव, अजीव, आश्रव, बंध, संवर, निर्जरा, मोक्ष, पुण्य व पाप रूप नव पदार्थों का ज्ञान कराने वाला चतुर्थ पदार्थाधिकार है। सम्यक्त्व के स्वरूप उसके भेदों व अंगों का कथन करने वाला पंचम सम्यक्त्वाधिकार है। षष्टम अधिकार में सम्यग्ज्ञान का निरूपण किया गया है। सम्यक्चारित्र व निश्चय चारित्र का वर्णन सप्तम सम्यक्चारित्र अधिकार में किया गया है।

मिस्सठाणवट्टी जह, णो णाणी णेव होदि अण्णाणी।
मिस्सं मिस्ससद्धाइ, णाणं हु जत्तंतरं तस्स।।190।।
तह अविरदसद्दिट्ठी, ण संसारमग्गी मोक्खमग्गी ण।
जत्तंतरो जीवोत्थि चदुत्थ-ठाणवट्टि-अविरदो।।191।।

अर्थ–जिस प्रकार मिश्र गुणस्थानवर्ती न ज्ञानी और न अज्ञानी होता है। मिश्र श्रद्धा से उसका ज्ञान मिश्र जात्यन्तर होता है उसी प्रकार विरत सम्यग्दृष्टि न संसारमार्गी है न मोक्षमार्गी है। वह जीव जात्यंतर है। चतुर्थगुणस्थानवर्ती अविरत अर्थात् व्रत या चारित्र से रहित होता है।

संयम, व्रतादि का मूल वैराग्य का कथन करने वाला वैराग्य नामक अष्टमाधिकार है। अशुभ ध्यान से निवृत्ति शुभ ध्यान में प्रवृत्ति हेतु ध्यान का कथन करने वाला नवम ध्यानाधिकार है। आध्यात्मिक व मार्मिक संबोधन के लिये दसवाँ आत्मबोधाधिकार है। मरण के भेद, समाधि के स्वरूप आदि का वर्णन करने वाला ग्यारहवाँ समाधिसिद्धि अधिकार है एवं समय का अर्थात् आत्मा का कथन करने वाला बारहवाँ समयसाराधिकार है।

यदि इस ग्रंथ के संपादन में कोई त्रुटि रह गई हो तो विज्ञजन संशोधित कर पढ़ें, हंसवत् गुणग्राही दृष्टि से ग्रंथाध्ययन करें। जन-जन के श्रद्धापुंज परम पूज्य अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य गुरुवर श्री वसुनंदी जी मुनिराज का संयम, तप, ज्ञान, साधना का सौरभ सहस्रों वर्षों तक संपूर्ण विश्व को सुरभित करता रहे। गुरुवर श्री को आरोग्य लाभ हो एवं अपने लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करें। परम पूज्य गुरुवर श्री के चरणों में सिद्ध-श्रुत-आचार्य भक्ति सहित कोटिशः नमोस्तु! नमोस्तु! नमोस्तु!.....।।

''जैनम् जयतु शासनम्''

श्री शुभमिति माघ शुक्ल दशमी
श्री वीर निर्वाण संवत् 2547
सोमवार 22.2.2021
श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली-बौलखेड़ा,
कामां, भरतपुर (राज.)

आर्यिका वर्धस्वनंदनी

अनुक्रमणिका

मंगलाचरण 15
द्रव्य स्वरूप 16
द्रव्य भेद व जीव स्वरूप 16
पंचविध अजीव द्रव्य 16
पुद्गल स्वरूप व चार भेद 17
षड्विध पुद्गल 17
षड्भेद दृष्टांत 17
धर्म द्रव्य 17
अधर्म-द्रव्य 18
आकाश द्रव्य 18
काल द्रव्य 18
द्रव्य प्रदेश संख्या व खंडाखंड निर्देश 19
शुद्ध व अशुद्ध द्रव्य 19
जीव सर्वोत्तम 20
जीव भेद 20
त्रिविध भव्य 20
सम्यक् आचरण 21
शाश्वत शुद्ध जीव 21
संज्ञी-असंज्ञी 21
संज्ञी-संज्ञी भेद 22
त्रस जीव 22
स्थावर जीव व भेद 22
साधारण जीव 23
नित्य निगोदिया 23
इतर निगोदिया 24
अह विदिय-उवजोगाहियारो 25
द्वितीयाधिकार मंगलाचरण 25
आत्म वैभव भेद 25
पौद्गलिक वैभव 25
भाव पुण्य-पाप हेतु 26
मिश्रवैभव 26
आत्मभाव भेद 27
शुभाशुभाशुद्ध भाव 27
तीन योग 27
गुणस्थान में अशुभ भाव 28
उपयोग व भाव एकार्थवाची 28
अशुभ भाव फल 28
शुभोपयोग भेद व फल 28
शुभोपयोग कहाँ? 29
शुद्धोपयोग कहाँ 29
शुद्धोपयोग फल 30
उपयोग भेद 30
उपयोग का सद्भाव 31
इदि विदियाहियारो 31
अह तिदिय-गुणट्ठाणाहियारो 32
तृतीयाधिकार मंगलाचरण 32
गुणस्थान निष्पत्ति 32
दर्शन व चारित्र मोहनीय अपेक्षा गुणस्थान 33
योग से गुणस्थान 33
गुणस्थान नाम 33

मिथ्यात्व गुणस्थान 34
सासादन गुणस्थान 34
मिश्र गुणस्थान 35
उपशम सम्यक्त्व 36
क्षायोपशमिक व क्षायिक सम्यक्त्व . 36
चतुर्थ गुणस्थानवर्ती शिवमार्गी नहीं . 37
एकदेश मोक्षमार्गी 37
देशविरत गुणस्थान 37
प्रमत्तविरत 38
प्रमत्तभाव के कारण 38
अप्रमत्त विरत 38
अपूर्वकरण गुणस्थान 39
अनिवृत्तिकरण गुणस्थान 40
सूक्ष्म सांपराय गुणस्थान 40
उपशांत मोह गुणस्थान 41
क्षीणमोह गुणस्थान 41
संयोग केवली गुणस्थान 41
अयोग केवली गुणस्थान 42
सिद्ध 42
अह चदुत्थ-णवपदत्थाहियारो 43
चतुर्थाधिकार मंगलाचरण 43
मुक्त जीव 43
शुद्धाशुद्ध जीव स्वभाव 43
अजीव द्रव्य 44
आस्रव 44
आस्रव प्रत्यय 44
आस्रव बंध का हेतु 45
शुभाशुभास्रव 45
बंध तत्व 46
चतुर्विध बंध 46
बंध से भ्रमण 46
पाप व पुण्य 46
योग व कषाय से बंध 47
कषाय-बंध हेतु 47
रागी कर्म बद्धक 47
ज्ञानी कौन? 48
संवर तत्त्व 48
संवर प्रत्यय 48
संवर भेद 49
भाव संवर 49
निर्जरा व भेद 50
द्रव्य निर्जरा 50
सविपाकी-अविपाकी निर्जरा 50
सविपाकी निर्जरा 50
अविपाकी निर्जरा 51
व्रतों द्वारा अविपाकी निर्जरा 52
मोक्ष हेतु-संयम स्थानादि 52
राग-द्वेष क्षय 52
मोहक्षय से कर्मक्षय 53
शाश्वत शुद्ध द्रव्य 53
कर्महीन में विकार नहीं 53
कर्मनष्ट होने पर पुनर्जन्म नहीं 53
धर्मादि द्रव्य विभावी नहीं 54
मुक्त जीव, संसारी नहीं 54
पुण्य-प्रशस्त कर्म 54
शुभ कर्म प्रकृतियाँ 55
धर्म प्रवर्तक 55
निर्वाण हेतु शुभ प्रकृतियाँ 55
पाप फल भोगी 56
अप्रशस्त प्रकृति पाप हेतु 56
पापप्रकृति 56
पुण्यानुबंधि पुण्यादि चार भंग 57
पाप-पुण्य-फल 57
मंगलोत्तम शरण 59

पुण्य शिव हेतु भी 59
अह पंचम-सम्मत्ताहियारो 61
पंचमाधिकार मंगलाचरण 61
आत्म धर्म 61
सम्यक्दर्शन स्वरूप 61
सम्यक्त्व लक्षण 62
सम्यक्त्व के पर्यायवाची 62
सम्यग्दर्शन भेद 62
कारण कार्य 63
व्रत वृद्धि 63
अनंतानुबंधी कषाय 64
चारित्र सन्मुख 64
सम्यक्त्वयुत क्रिया 64
चारित्राभाव 65
देशव्रत 65
उत्तमश्रावक 65
श्रेण्यारोहक 65
आज्ञा सम्यग्दृष्टि 66
मार्ग सम्यग्दृष्टि 66
उपदेश सम्यग्दृष्टि 66
सूत्र सम्यग्दृष्टि 67
बीज सम्यग्दृष्टि 67
संक्षेप सम्यग्दृष्टि 67
विस्तार सम्यग्दृष्टि 68
अर्थ सम्यग्दृष्टि 68
अवगाढ़ सम्यग्दृष्टि 68
परमावगाढ़ सम्यक्त्व 69
निश्चय सम्यग्दर्शन बिना नहीं संभव 69
अभेद रत्नत्रय 69
मोक्षमार्गी कौन? 70
अविरत सम्यग्दृष्टि मोक्षमार्गी नहीं .. 70
उपचार से देशव्रती मोक्षमार्गी 70
अविरत सम्यग्दृष्टि शिवपथोन्मुख 71
उपचार से मोक्षमार्गी-सोदाहरण 71
शिवमार्ग मे गति 72
एकांतदृष्टि मिथ्यादृष्टि 72
रत्नत्रय ही मोक्षमार्ग 73
चतुर्थ गुणस्थानवर्ती व्रती नहीं 73
नि:शंकित 74
नि:कांक्षित 74
निर्विजुगुप्सा 74
अमूढ़दृष्टि 75
उपवृंहण 75
स्थितिकरण 75
वात्सल्य 76
प्रभावना 76
निश्चय सम्यग्दृष्टि 76
वीतराग सम्यक्त्व 77
अह षष्टम-सम्मण्णाणाहियारो 78
षष्टाधिकार मंगलाचरण 78
सम्यक्त्वाविनाभावी 78
सम्यग्ज्ञान स्वरूप 78
सम्यग्ज्ञान अंग 79
सम्यग्ज्ञान भेद 79
सम्यग्ज्ञान हेतु 80
स्वार्थ व परार्थ ज्ञान 80
सम्यग्ज्ञान माहात्म्य 81
सविकल्प ज्ञान 81
कर्म क्षयार्थ समर्थ 81
अह सत्तम-सम्मचरियाहियारो 83
सप्तमाधिकार मंगलाचरण 83
सम्यक् चारित्र स्वरूप 83
चारित्र ही सार 83
चारित्र भेद 84

सामायिक चारित्र 84
छेदोपस्थापना चारित्र 84
परिहार विशुद्धि चारित्र 85
सूक्ष्म सांपराय चारित्र 85
यथाख्यात चारित्र 85
निश्चय सामायिक 86
शुद्धात्मलीनता प्रतिक्रमण 86
आत्मलीनता वंदना 86
व्यवहार व निश्चय स्तुति 87
निश्चय प्रत्याख्यान 87
निश्चय-व्यवहार कायोत्सर्ग 87
उभय भ्रष्ट 87
व्यवहार बिना निश्चय,
निश्चय बिना व्यवहार नहीं 88
पुण्य-कारण 88
यथार्थ साधु 88
चारित्र बिना आत्मशुद्धि नहीं 89
अह अट्ठम-वेरग्गाहियारो 90
अष्टमाधिकार मंगलाचरण 90
वैराग्य बिना चारित्र नहीं 90
यथार्थ बोध 90
वैराग्य हेतु 91
अशुचि देह 91
पुण्यकर्म, रत्नत्रय का हेतु 92
देह विरक्ति 92
पंचविध संसार 92
भवासक्त शिवमार्गी नहीं 93
संसारी-मुक्त 93
भोग त्याज्य 93
वैराग्य मोक्षमूल 94
णवम-झाणाहियारो 95
नवमाधिकार मंगलाचरण 95
शुभध्यान सुगति-हेतु 95
अशुभध्यान दुर्गति हेतु 95
आर्तध्यान 96
आर्त्तध्यान भेद 96
आर्त्तध्यान सद्भाव 96
रौद्र ध्यान 97
रौद्रध्यान भेद 97
रौद्रध्यान सद्भाव 97
धर्मध्यान 98
धर्मध्यान भेद 98
पंच धारणा 99
धर्म ध्यान सद्भाव 99
धर्मध्यान कारण 99
शुक्ल ध्यान 100
शुक्ल ध्यान सद्भाव 101
प्रशस्त ध्यान ध्यातव्य 101
अह दहमो अप्पबोहाहियारो 103
दशमाधिकार मंगलाचरण 103
आत्मसंबोधन 103
अह एयारहमो समाहि-सिद्धाहियारो 112
एकादशाधिकार मंगलाचरण 112
द्विविध धर्म 112
आधि-व्याधि-उपाधि त्याग 113
आधि 113
व्याधि 114
उपाधि 114
समाधि के पर्यायवाची 114
सामधि मरण ही सार्थकता 114
समाधिमरण परीक्षा काल 115
रत्नत्रय रक्षा समाधि 115
सल्लेखना 116
समाधिमरण किसका? 116

समभाव स्थिरता 116
मृत्युकाल अनिश्चित 117
पंचविध मरण 117
बाल-बाल व बाल मरण 117
बालपंडित मरण 118
पंडित मरण 118
पंडित-पंडित मरण 119
पंडित मरण पश्चात् सात-आठ भव 119
बाल मरण से संख्यात भव 119
मिथ्यादृष्टि को शिवप्राप्ति अनिश्चित
काल 120
सल्लेखना कब? 120
आहार ग्रहण कारण 121
आहार त्याग कारण 121
सल्लेखना फल 121
अह बारस-समयसाराहियारो 122
द्वादशाधिकार मंगलाचरण 122
समयार्थ 122
सिद्धत्व ही समयसार 122
व्यवहार व मोक्षमार्ग 123
आत्मरत्नत्रय 123
निश्चय से जीव अभेद 123
रागी ही कर्म बंधक 124
राग रहित बंध नहीं 125
संकोच-विस्तार शक्ति युतात्मा 125
आत्म प्रदेश समान 125
असंख्यात प्रदेशी द्रव्य 125
शुद्ध नय से जीव शुद्ध 126
बंधापेक्षा जीव मूर्तिक 126
व्यवहार से विकारी भावों का
कर्ता व भोक्ता 126
शुद्ध नय से शुद्ध भाव कर्ता 127
स्वभावात्मा शुद्ध है 127
अंतिम मंगलाचरण 127
ग्रंथकार की लघुता 129
प्रशस्ति 130

अप्प-विहवो

(आत्म वैभव)

अंतरंग के वैभव का दिग्दर्शन कराने वाला यह ग्रंथ मानो आत्मदर्पण ही हो। आत्मा की वास्तविक निधि व उसको प्राप्त करने के मार्ग के मानचित्र के समान **'आत्मवैभव'** नामक यह अनुपम ग्रंथ है।

अप्प-विहवो
(आत्म वैभव)
अह पढम-दव्वाहियारो

मंगलाचरण

णमिदूण सव्व-सिद्धे, णिच्च-णिय-भाव-संपण्ण-सुद्धे य।
सग-पर-सिद्धि-णिमित्तं, वोच्छामि हु अप्प-विहवं हं।।1।।

अन्वयार्थ-**हु**-निश्चय से **णिच्च-णियभाव-संपण्ण-सुद्धे य**-नित्य, निज भाव संपन्न और शुद्ध **सव्व-सिद्धे**-सभी सिद्धों को **णमिदूण**-नमस्कार करके **सग-पर-सिद्धि-णिमित्तं**-स्व-पर सिद्धि के निमित्त **हं**-मैं (आचार्य वसुनंदी मुनि) **अप्प-विहवं**-आत्म वैभव नामक ग्रंथ को **वोच्छामि**-कहता हूँ।

जीवादी सड-दवियं, सड-कम्मो धम्मो भासिदो जेण।
सय-इंदेहि वंदिदं, आदि-बंभं णमंसामि तं।।2।।

अन्वयार्थ-**जेण**-जिनके द्वारा **जीवादी**-जीव आदि **सड-दवियं**-षट् द्रव्य **सड-कम्मो**-षट् कर्म और **धम्मो**-धर्म **भासिदो**-कहा गया है (मैं) **तं**-उन **सय-इंदेहि**-शत इंद्रों से **वंदिदं**-वंदित **आदि-बंभं**-आदि ब्रह्मा को **णमंसामि**-नमस्कार करता हूँ।

चदुयालस्स हु पढमं, तित्थयर-मजियणाहं वंदित्ता।
दव्वहियारं वोच्छं, कल्लाणत्थं भवि-जीवाण।।3।।

अन्वयार्थ-**चदुयालस्स**-चतुर्थकाल के **पढमं**-प्रथम **तित्थयरं**-तीर्थंकर **अजियणाहं**-श्री अजितनाथ भगवान् की **वंदित्ता**-वंदना करके **भवि-जीवाण**-भव्य जीवों के **कल्लाणत्थं**-कल्याण के लिए **हु**-निश्चय से **दव्वहियारं**-द्रव्याधिकार **वोच्छं**-कहूँगा।

द्रव्य स्वरूप

दव्वं सल्लक्खणयं, उप्पादव्वय-धुवत्त-जुदं अत्थि।
गुणा सय धुवा णिच्चा, सुप्पादव्वया पज्जाया।।4।।

अन्वयार्थ-दव्वं-द्रव्य **सल्लक्खणयं**-सत् लक्षण वाला है **अत्थि**-अस्ति (या सत्) **उप्पादव्वय-धुवत्त-जुदं**-उत्पाद, व्यय व ध्रौव्य से युक्त है। **गुणा**-गुण **सय**-सदा **धुवा**-ध्रुव व **णिच्चा**-नित्य होते हैं तथा **पज्जाया**-पर्याय **सुप्पादव्वया**-उत्पाद और व्यय से सहित होती हैं।

द्रव्य भेद व जीव स्वरूप

दव्वं दुविहं जीवो, अजीवो जिणवसहेण णिद्दिट्ठं।
चेयण-जुत्तो जीवो, तव्विवरीअ-इदरो पणहा।।5।।

अन्वयार्थ-जिणवसहेण-श्री ऋषभनाथ जिनेन्द्र के द्वारा **जीवो**-जीव व **अजीवो**-अजीव (रूप से) **दव्वं**-द्रव्य **दुविहं**-दो प्रकार का **णिद्दिट्ठं**-निर्दिष्ट किया गया है **चेयण-जुत्तो-जीवो**-चेतना से युक्त जीव है **तव्विवरीओ**-उससे विपरीत **इदरो**-इतर (अर्थात् अजीव) है (जो) **पणहा**-पाँच प्रकार का कहा गया है।

पंचविध अजीव द्रव्य

पणविह-अजीव-दव्वं, पोग्गल-धम्माधम्मा कालो खं।
कया ण जीवो जीवो, होज्ज णो जीवो वि अजीवो।।6।।

अन्वयार्थ-अजीव-दव्वं-अजीव द्रव्य **पणविहं**-पाँच प्रकार का (कहा गया) है **पोग्गल-धम्माधम्मा**-पुद्गल, धर्म, अधर्म **कालो**-काल व **खं**-आकाश। **अजीवो**-अजीव **कया**-कभी **जीवो**-जीव **ण**-नहीं होता (और) **जीवो**-जीव **वि**-भी (कभी) **अजीवो**-अजीव **णो**-नहीं **होज्ज**-हो सकता।

पुद्गल स्वरूप व चार भेद

पूरण-गलण-सहावो, फास-रस-गंध-वण्ण-संजुत्तो य।
अणु-खंध-देस-पदेस-भेयादो पोग्गलो चदुहा।।7।।

अन्वयार्थ-पोग्गलो-पुद्गल **पूरण-गलण-सहावो**-पूरन-गलन स्वभाव वाला है **फास-रस-गंध-वण्ण-संजुत्तो य**-स्पर्श, रस, गंध और वर्ण से संयुक्त है **अणु-खंध-देस-पदेस-भेयादो**-अणु, स्कंध, देश व प्रदेश के भेद से (पुद्गल) **चदुहा**-चार प्रकार का कहा गया है।

षड्विध पुद्गल

थूल-थूलो थूलो हु, थूल-सुहुमो सुहुम-थूलो सुहुमो।
सुहुम-सुहुमो छव्विहो, पोग्गलो तह वि मुणेदव्वो।।8।।

अन्वयार्थ-थूल-थूलो-स्थूल-स्थूल **थूलो**-स्थूल **थूल-सुहुमो**-स्थूल सूक्ष्म **सुहुम-थूलो**-सूक्ष्म-स्थूल **सुहुमो**-सूक्ष्म **तह**-तथा **सुहुम-सुहुमो**-सूक्ष्म-सूक्ष्म (इस प्रकार) **हु**-निश्चय से **पोग्गलो**-पुद्गल **छव्विहो**-छः प्रकार का **वि**-भी **मुणेदव्वो**-जानना चाहिए।

षड्भेद दृष्टांत

पुढवी जलं च छाया, चउरिंदिय-विसय-कम्म-परमाणू।
दिट्ठंता णादव्वा, पोग्गल-छब्भेयाण कमसो।।9।।

अन्वयार्थ-पुढवी-पृथ्वी **जलं**-जल **छाया**-छाया **चउरिंदिय-विसय-कम्म-परमाणू च**-चार इंद्रिय विषय, कर्म और परमाणु (ये) **कमसो**-क्रमशः **पोग्गल-छब्भेयाण**-पुद्गल के छः भेदों के **दिट्ठंता**-दृष्टान्त **णादव्वा**-जानने चाहिये।

धर्म द्रव्य

जीव-पोग्गला किरिया-सीला तह जहाजोग्गं गच्छंति।
धम्मो तस्स कारणं, होज्ज जलयराण जह तोयं।।10।।

अन्वयार्थ-जीव-पोग्गला-जीव व पुद्गल **किरिया-सीला**-क्रियाशील होते हैं **तह**-तथा **जहाजोग्गं**-यथायोग्य **गच्छंति**-गमन करते हैं, **धम्मो**-धर्म द्रव्य **तस्स**-उसका (अर्थात् गमन का) **कारणं**-कारण है **जह**-जिस प्रकार **जलयराण**-जलचर जीवों के (गमन के) लिए **तोयं**-जल (कारण) **होज्ज**-होता है।

अधर्म-द्रव्य

जीवो पोग्गलो ठंति, जदि अधम्मो सहयारि-हेदू ता।
धम्मसहा धम्मीणं, तरुछाया जहा पहियाणं।।11।।

अन्वयार्थ-जीवो-जीव व **पोग्गलो**-पुद्गल **जदि**-यदि **ठंति**-ठहरते हैं **ता**-तो (उनके ठहरने में) **अधम्मो**-अधर्म द्रव्य **सहयारि-हेदू**-सहकारी कारण होता है **जहा**-जैसे **धम्मीणं**-धर्मियों के लिए **धम्मसहा**-धर्मसभा व **पहियाणं**-पथिकों के लिए **तरुछाया**-वृक्ष की छाया।

आकाश द्रव्य

जो अवगाहण-दादुं, सक्को सव्व-दव्वाण आगासो।
ववहार-णिच्छयादो, वसंति स-पदेसे सव्वाणि।।12।।

अन्वयार्थ-जो-जो **सव्व-दव्वाण**-सभी द्रव्यों के लिए **अवगाहण-दादुं**-अवगाहन देने में **सक्को**-समर्थ है (वह) **ववहारादो**-व्यवहार से **आगासो**-आकाश द्रव्य है **णिच्छयादो**-निश्चय से **सव्वाणि**-सभी द्रव्य **स-पदेसे**-अपने-अपने प्रदेश में (ही) **वसंति**-निवास करते हैं।

काल द्रव्य

कालो ण कायो अत्थि, पिहं पिहं होज्ज सव्व-कालाणू।
सव्व-दव्वाण वट्टण-हेदू एग-पदेसि-कालो।।13।।

अन्वयार्थ-कालो-काल द्रव्य **कायो**-काय **ण**-नहीं है **अत्थि**-अस्ति है **कालो**-काल द्रव्य **सव्व-दव्वाण**-सभी द्रव्यों के **वट्टण-हेदू**-वर्तन का हेतु है **एग-पदेसी**-एक प्रदेशी है **सव्व-कालाणू**-सभी कालाणु **पिहं-पिहं**-पृथक्-पृथक् **होज्ज**-होते हैं।

द्रव्य प्रदेश संख्या व खंडाखंड निर्देश

जीवो धम्माधम्मा, लोगागासो असंख-पदेसी य।
पोग्गलो संखासंख-अणंता आगासाणंतो।।14।।

अन्वयार्थ-जीवो-जीव **धम्माधम्मा**-धर्म, अधर्म द्रव्य **य**-और **लोगागासो**-लोकाकाश **असंख-पदेसी**-असंख्यात प्रदेशी हैं **पोग्गलो**-पुद्गल **संखासंख-अणंता**-संख्यात, असंख्यात व अनंत प्रदेशी है **आगासाणंतो**-तथा (संपूर्ण) आकाश अनंत प्रदेशी है।

कालासंखो खंडा, जीव-ख-धम्माधम्माण पदेसा।
अखंडा पोग्गलस्स य, खंडाखंड-खंडाखंडा।।15।।

अन्वयार्थ-कालासंखो-काल द्रव्य असंख्यात प्रदेशी है, **खंडा**-(इसके प्रदेश) खंड रूप हैं **जीव-ख-धम्माधम्माण**-जीव, धर्म, अधर्म और आकाश के **पदेसा**-प्रदेश **अखंडा**-अखंड होते हैं **पोग्गलस्स**-पुद्गल के (प्रदेश) **खंडाखंड-खंडाखंडा य**-खंड, अखंड व खंडाखंड रूप में होते हैं।

शुद्ध व अशुद्ध द्रव्य

धम्माधम्मा कालो, आगासो सय सुद्धो णादव्वो।
पोग्गल-सुद्धासुद्धा, जीवे सुद्धे णो असुद्धो।।16।।

अन्वयार्थ-धम्माधम्मा-धर्म, अधर्म **कालो**-काल (व) **आगासो**-आकाश द्रव्य **सय**-सदा **सुद्धो**-शुद्ध **णादव्वो**-जानना चाहिए **पोग्गल**-

सुद्धासुद्धा-पुद्गल शुद्ध व अशुद्ध (दोनों प्रकार से है) तथा **जीवे**-जीव **सुद्धे**-शुद्ध होने पर (कभी) **असुद्धो**-अशुद्ध **णो**-नहीं होता।

जीव सर्वोत्तम

सव्व-दव्वेसु जीवो, उत्तमो तहा सव्व-पदत्थेसुं।
सव्व-तच्चेसु णिच्चं, उत्तमो अवि अत्थिकाएसु।।17।।

अन्वयार्थ-जीवो-जीव **णिच्चं**-नित्य **सव्व-दव्वेसु**-सभी द्रव्यों में **उत्तमो**-उत्तम है **सव्व-पदत्थेसुं**-सभी पदार्थों में उत्तम है। **सव्व-तच्चेसु**-सभी तत्त्वों में **उत्तमो**-उत्तम है **तहा**-तथा **अत्थिकाएसु**-सभी अस्तिकायों में **अवि**-भी (जीव) **उत्तमो**-उत्तम है।

जीव भेद

जीवो दुविहो णेयो, भव्वाभव्वा मुत्तो संसारी।
सण्णि-असण्णि-भेयेण, दुविहो संसारी जीवो वि।।18।।

अन्वयार्थ-जीवो-जीव **दुविहो**-दो प्रकार के **णेयो**-जानने चाहिए **भव्वाभव्वा**-भव्य व अभव्य (अथवा) **मुत्तो**-मुक्त (व) **संसारी**-संसारी। **सण्णि-असण्णि-भेयेण**-संज्ञी व असंज्ञी के भेद से **संसारी**-संसारी **जीवो**-जीव **वि**-भी **दुविहो**-दो प्रकार के हैं।

त्रिविध भव्य

भव्वो होज्जा तिविहो, आसण्ण-दूर-दूराणुदूरा य।
बिविहा लहंति मोक्खं, दूराणुदूराभव्वोव्व य।।19।।

अन्वयार्थ-भव्वो-भव्य **तिविहो**-तीन प्रकार के **होज्जा**-होते हैं **आसण्णो**-आसन्न **दूर-दूराणुदूरा य**-दूर व दूरानुदूर **बिविहा**-आदि के दो प्रकार के जीव **मोक्खं**-मोक्ष **लहंति**-प्राप्त करते हैं **य**-और **दूराणुदूरा-अभव्वोव्व**-दूरानुदूर अभव्य के समान है।

सम्यक् आचरण

भव्वो पावदि मोक्खं, जदि जदणेणं आचरदे सम्मं।
रयणत्तय-धारि-मुणी, लहदि मोक्खं थोगकालम्मि।।20।।

अन्वयार्थ-जदि-यदि **भव्वो**-भव्य जीव **जदणेणं**-यत्नपूर्वक **सम्मं**-सम्यक् **आचरदे**-आचरण करता है (तो वह) **मोक्खं**-मोक्ष **पावदि**-प्राप्त करता है **रयणत्तय-धारि-मुणी**-रत्नत्रय धारी मुनि **थोगकालम्मि**-अल्पकाल में **मोक्खं**-मोक्ष **लहदि**-प्राप्त करते हैं।

शाश्वत शुद्ध जीव

णिक्कम्मो जो मुत्तो, लोयग्गठिदो सुद्ध-सहावी सो।
तस्स हु सुद्धावत्था, ण अवि खयदि अणंतकालम्मि।।21।।

अन्वयार्थ-जो-जो **णिक्कम्मो**-निष्कर्म है **सो**-वह **हु**-निश्चय से **मुत्तो**-मुक्त है (वह) **लोयग्गठिदो**-लोक के अग्र भाग में स्थित **सुद्ध-सहावी**-शुद्ध स्वभावी है **तस्स**-उनकी **सुद्धावत्था**-शुद्ध अवस्था **अणंतकालम्मि**-अनंत काल में **अवि**-भी **ण खयदि**-नष्ट नहीं होती।

संज्ञी-असंज्ञी

जो मणजुत्तो सण्णी, जोग्गो सिक्खालावादिं गहिदुं।
मणरहिदो हि असण्णी, लहदि णो सो मोक्ख-मग्गं वि।।22।।

अन्वयार्थ-सिक्खालावादिं-शिक्षा, आलाप आदि **गहिदुं**-ग्रहण करने के **जोग्गो**-योग्य **जो**-जो **मणजुत्तो**-मन से युक्त है **सो**-वह **सण्णी**-संज्ञी है **मणरहिदो**-मन से रहित **हि**-ही **असण्णी**-असंज्ञी कहलाता है (वह) **मोक्ख-मग्गं**-मोक्षमार्ग **वि**-भी **णो लहदि**-प्राप्त नहीं करता।

संज्ञी-संज्ञी भेद

चदुविहो सण्णि-जीवो, माणुस-सुर-णिरय-तिरिय-भेयादो।
होज्ज असण्णी दुविहो, भेयादो तस-थावराणं।।23।।

अन्वयार्थ-माणुस-सुर-णिरय-तिरिय-भेयादो-मनुष्य, देव, नरक व तिर्यंच के भेद से **सण्णि-जीवो**-संज्ञी जीव **चदुविहो**-चार प्रकार के हैं। **असण्णी**-असंज्ञी जीव **तस-थावराणं**-त्रस व स्थावर के **भेयादो**-भेद से **दुविहो**-दो प्रकार के **होज्ज**-होते हैं।

त्रस जीव

होज्ज बेइंदियादो, पंचिंदिय-पेरंतं सव्व-तसा।
बे-ति-चदु-पंचिंदिया, णिवसंति खलु तसणालीए।।24।।

अन्वयार्थ-बेइंदियादो-दो इंद्रिय से **पंचिंदिय-पेरंतं**-पंचेंद्रिय पर्यन्त **खलु**-निश्चय से **सव्व-तसा**-सभी जीव त्रस **होज्ज**-होते हैं **बे-ति-चदु-पंचिंदिया**-दो, तीन, चार व पाँच इंद्रिय जीव **तसणालीए**-त्रसनाली में ही **णिवसंति**-निवास करते हैं।

स्थावर जीव व भेद

पुढवी जलग्गि-वाऊ-वणप्फदि-काइगा एइंदिया य।
थावर-थावर-सीलो, णिवसंति ते सव्व-लोयम्मि।।25।।

अन्वयार्थ-पुढवी-पृथ्वी **जलग्गि-वाऊ-वणप्फदि-काइगा य**-जल, अग्नि, वायु व वनस्पति कायिक **एइंदिया**-एकेन्द्रिय होते हैं। **थावर-थावर-सीलो**-स्थावर-स्थावर शील हैं **ते**-वे **सव्व-लोयम्मि**-सर्व लोक में **णिवसंति**-निवास करते हैं।

सव्व-थावरो दुविहो, णियमेणं सुहुम-थूल-भेयादो।
वणप्फदि-काइगो अवि, साहारण-पत्तेयाणं च।।26।।

अन्वयार्थ-सुहुम-थूल-भेयादो-सूक्ष्म व स्थूल के भेद से **सव्व-थावरो**-सभी स्थावर **णियमेणं**-नियम से **दुविहो**-दो प्रकार के होते हैं **साहारण-पत्तेयाणं च**-साधारण और प्रत्येक के भेद से **वणप्फदि-काइगो**-वनस्पति कायिक **अवि**-भी (दो प्रकार के होते हैं)।

पुण साहारण-दुविहो, तह णिच्च-इदर-णिगोद-भेयादो।
सपदिट्ठिदापदिट्ठिद-भेयादु पत्तेयो दुविहो।।27।।

अन्वयार्थ-णिच्च-इदर-णिगोद-भेयादो-नित्य निगोद व इतर निगोद के भेद से **साहारणो**-साधारण जीव **पुण**-पुनः **दुविहो**-दो प्रकार के होते हैं। **सपदिट्ठिदापदिट्ठिद-भेयादु तह**-सप्रतिष्ठित तथा अप्रतिष्ठित के भेद से **पत्तेयो**-प्रत्येक जीव **दुविहो**-दो प्रकार के होते हैं।

साधारण जीव

साहारणा हु जीवा, एग-देहस्स सामी अणंता य।
आहारमाणपाणं, गहंति जम्मंति मरंति ते।।28।।

अन्वयार्थ-जहाँ **एग-देहस्स**-एक देह के **अणंता**-अनंत **सामी**-स्वामी होते हैं (वे) **हु**-निश्चय से **साहारणा**-साधारण **जीवा**-जीव कहलाते हैं **ते**-वे सभी (एक साथ) **आहारं**-आहार **आणपाणं**-श्वासोच्छ्वास **गहंति**-ग्रहण करते हैं **जम्मंति**-जन्मते हैं **य**-और **मरंति**-मरते हैं।

नित्य निगोदिया

जे अणादिकालादो, णिवसेज्जा खलु णिगोद-भूमीए।
भाव-कलंक-सपउरा, जाणह णिच्च-णिगोदिया ते।।29।।

अन्वयार्थ-जे-जो जीव **अणादिकालादो**-अनादिकाल से **णिगोद-भूमीए**-निगोद भूमि में **णिवसेज्जा**-निवास कर रहे हैं **भाव-**

कलंक-सपउरा-प्रचुर कलंकित भावों से युक्त हैं **ते**-उन्हें **खलु**-निश्चय **णिच्च-णिगोदिया**-नित्य निगोदिया **जाणह**-जानों।

इतर निगोदिया

मुंचिय णिगोदवासं, जम्मंति णिगोदे जे जीवा पुण।
इदरा णिगोदिया ते, एरिसो जिणागमे भणिदो।।30।।

अन्वयार्थ-जे-जो **जीवा**-जीव **णिगोदवासं**-निगोद वास **मुंचिय**-त्यागकर **पुण**-पुनः **णिगोदे**-निगोद में **जम्मंति**-जन्म लेते हैं **ते**-वे **इदरा**-इतर **णिगोदिया**-निगोदिया कहलाते हैं **एरिसो**-ऐसा **जिणागमे**-जिनागम में **भणिदो**-कहा गया है।

इदि पढमाहियारो

अह विदिय-उवजोगाहियारो

द्वितीयाधिकार मंगलाचरण

जेण संभव-जिणेणं, णासिदा भव-कारण-अट्ठ-कम्मा।
होदुं सयं सिवं हं, तं णमंसामि तिजोगेहिं।।31।।

अन्वयार्थ-जेण-जिन **संभव-जिणेणं**-श्री संभवनाथ जिनेन्द्र के द्वारा **भव-कारण-अट्ठ-कम्मा**-संसार के कारण आठ कर्म **णासिदा**-नष्ट किए गए **हं**-मैं **सयं**-स्वयं **सिवं**-शिव **होदुं**-होने के लिए **तं**-उन्हें **तिजोगेहिं**-तीनों योगों से **णमंसामि**-नमस्कार करता हूँ।

णमिय जिणाहिणंदणं, सगवराणंद-णिगरणं णियमेण।
सव्व-हिदाय वक्खामि, उवजोगाहियारं कमेण।।32।।

अन्वयार्थ-णियमेण-नियम से **सगवराणंद-णिगरणं**-स्व-पर आनंद के कारण **जिणाहिणंदणं**-श्री अभिनंदन जिन को **णमिय**-नमस्कार करके (मैं) **सव्व-हिदाय**-सबके हित के लिए **कमेण**-क्रम से **उवजोगाहियारं**-उपयोगाधिकार को **वक्खामि**-कहता हूँ।

आत्म वैभव भेद

तिविहो हु अप्प-विहवो, पोग्गलियो मीसो चेयण-सुद्धो।
उहय-जुदो संसारी, तिदिय-जुदो सिद्ध-णिक्कम्मो।।33।।

अन्वयार्थ-हु-निश्चय से **अप्प-विहवो**-आत्मा का वैभव **तिविहो**-तीन प्रकार का है **पोग्गलियो**-पौद्गलिक **मीसो**-मिश्र **चेयण-सुद्धो**-शुद्ध चेतन रूप। **संसारी**-संसारी जीव **उहय-जुदो**-उभय वैभव से युक्त तथा **सिद्ध-णिक्कम्मो**-निष्कर्म सिद्ध **तिदिय-जुदो**-तृतीय वैभव से युक्त हैं।

पौद्गलिक वैभव

धण-धण्णावाणय-गिह-आदी बहुविहो पोग्गलिय-विहवो।
वाहण-भोयण-भोगोवभोग-जोग्ग-सामग्गिआणि।।34।।

अन्वयार्थ-पोग्गलिय-विहवो-पौद्गलिक वैभव **बहुविहो**-बहुत प्रकार का है **धण-धण्णावाणय-गिह-आदी**-धन, धान्य, दुकान, गृह आदि **वाहण-भोयण-भोगोवभोग-जोग्ग-सामग्गिआणि**-वाहन, भोजन और भोगोपभोग के योग्य सामग्री।

पोग्गलिय-अजीवो सो, ण होज्ज सहावो कया वि जीवस्स।
उवयारेण अप्पस्स, जह भायणं जल-घिदादीण।।35।।

अन्वयार्थ-पोग्गलियो-पौद्गलिक वैभव **अजीवो**-अजीव है **सो**-वह **कया वि**-कभी भी **जीवस्स**-जीव का **सहावो**-स्वभाव **ण**-नहीं **होज्ज**-हो सकता (फिर भी वह) **उवयारेण**-उपचार से **अप्पस्स**-आत्मा का (पौद्गलिक वैभव कहा जाता है) **जह**-जैसे **जल-घिदादीण**-जल, घृत आदि का **भायणं**-बर्तन।

भाव पुण्य-पाप हेतु

जीवस्स उहय-भावा, सुहासुहा हेदू पुण्ण-पावाण।
कत्तू ताणं जीवो, भोत्तू अवि होदि णियमेणं।।36।।

अन्वयार्थ-जीवस्स-जीव के **सुहासुहा**-शुभ व अशुभ **उहय-भावा**-दोनों भाव **पुण्ण-पावाण**-पुण्य व पाप के **हेदू**-हेतु होते हैं। **णियमेणं**-नियम से **ताणं**-उनका **कत्तू**-कर्त्ता **जीवो**-जीव **होदि**-होता है (और) **भोत्तू**-भोक्ता **अवि**-भी (जीव ही होता है)

मिश्रवैभव

अप्प-सुहासुह-भावा, होज्ज मीस-विहवो सया जीवस्स।
सो विहवो णो सुद्धो, सुद्ध-विहवो इदरो तत्तो।।37।।

अन्वयार्थ-अप्प-सुहासुह-भावा-आत्मा का शुभ-अशुभ भाव **सया**-सदा **जीवस्स**-जीव का **मीस-विहवो**-मिश्र वैभव **होज्ज**-होता है

(किन्तु) **सो**-वह (आत्मा का) **सुद्धो**-शुद्ध **विहवो**-वैभव **णो**-नहीं होता **सुद्ध-विहवो**-शुद्ध वैभव (तो) **तत्तो**-उससे **इदरो**-इतर है।

आत्मभाव भेद

चदुविहो अप्प-भावो, सुहासुहा सुद्धो परमसुद्धो य।
सिद्धाण परम-सुद्धो, इदर-भावा संसारीणं।।38।।

अन्वयार्थ-अप्प-भावो-आत्म भाव **चदुविहो**-चार प्रकार का है **सुहासुहा**-शुभ-अशुभ **सुद्धो**-शुद्ध **य**-और **परमसुद्धो**-परम शुद्ध। **सिद्धाण**-सिद्धों के **परम-सुद्धो**-परम शुद्ध व **संसारीणं**-संसारियों के **इदर-भावा**-इतर भाव होते हैं।

शुभाशुभाशुद्ध भाव

सुहासुहा परिणामा, संसारस्स कारणं सया होज्ज।
णियमेण सुद्ध-भावो, सासय-सुह-सिद्ध-पद-हेदू।।39।।

अन्वयार्थ-(आत्मा के) **सुहासुहा**-शुभ व अशुभ **परिणामा**-परिणाम **सया**-सदा **संसारस्स**-संसार के **कारणं**-कारण **होज्ज**-होते हैं (आत्मा का) **सुद्ध-भावो**-शुद्ध भाव **णियमेण**-नियम से **सासय-सुह-सिद्ध-पद-हेदू**-शाश्वत शुभ सिद्ध पद का हेतु है।

तीन योग

उवजोगो खलु तिविहो, सुहासुहा सुद्धो य मुणेदव्वो।
सुहासुहा पणभवस्स, सुद्धुवजोगो मोक्ख-हेदू।।40।।

अन्वयार्थ-खलु-निश्चय से **उवजोगो**-उपयोग **तिविहो**-तीन प्रकार का **मुणेदव्वो**-जानना चाहिए **सुहासुहा**-शुभ, अशुभ **य**-और **सुद्धो**-शुद्ध। **सुहासुहा**-शुभ व अशुभ उपयोग **पणभवस्स**-पंच संसार का व **सुद्धुवजोगो**-शुद्धोपयोग **मोक्ख-हेदू**-मोक्ष का हेतु है।

गुणस्थान में अशुभ भाव

णियमेण असुह-भावो, हेदू पणविह-संसार-भमणस्स।
मिच्छत्ते सासादण-मिस्सेसुं वट्टदे असुहो।।41।।

अन्वयार्थ-असुह-भावो-अशुभ भाव **णियमेण**-नियम से **पणविह-संसार-भमणस्स**-पाँच प्रकार के संसार भ्रमण का **हेदू**-हेतु है **असुहो**-अशुभ भाव **मिच्छत्ते**-मिथ्यात्व **सासादण-मिस्सेसुं**-सासादन व मिश्र गुणस्थान में **वट्टदे**-वर्तन करता है।

उपयोग व भाव एकार्थवाची

उवजोगो खलु भावो, जम्हा उहयो हि एगट्ठो एत्थ।
उहयस्स फलं समं वि, सद्द-भेदो ण कदो तम्हा।।42।।

अन्वयार्थ-खलु-निश्चय से **उवजोगो**-उपयोग ही **भावो**-भाव (कहा गया है) **जम्हा**-क्योंकि **एत्थ**-यहाँ **उहयो**-दोनों **हि**-ही **एगट्ठो**-एकार्थवाची हैं **उहयस्स**-दोनों का **फलं**-फल **वि**-भी **समं**-समान है **तम्हा**-इसीलिए (यहाँ) **सद्दभेदो**-शब्द भेद **ण**-नहीं **कदो**-किया।

अशुभ भाव फल

असुह-भावेण जीवो, लहदि णिरय-तिरिय-कुभोगभूमी य।
असुरादि-देवेसुं च, उप्पज्जदे घोर-दुक्खाणि।।43।।

अन्वयार्थ-जीवो-जीव **असुह-भावेण**-अशुभ भाव से **णिरय-तिरिय-कुभोगभूमी य**-नरक, तिर्यंच व कुभोग भूमि **लहदि**-प्राप्त करता है **असुरादि-देवेसुं**-असुर आदि कुदेवों में **उप्पज्जदे**-उत्पन्न होता है **च**-और **घोर-दुक्खाणि**-घोर दु:खों को (प्राप्त करता है)।

शुभोपयोग भेद व फल

सुह-उवजोगो दुविहो, सिव-हेदू परंपराइ पसत्थो।
अप्पसत्थो संसार-विहवं देदि भव-वङ्गो वि।।44।।

अन्वयार्थ-सुह-उवजोगो-शुभ उपयोग **दुविहो**-दो प्रकार का है **पसत्थो**-प्रशस्त व **अप्पसत्थो**-अप्रशस्त। प्रशस्त शुभोपयोग **परंपराइ**-परंपरा से **सिव-हेदू**-मोक्ष का हेतु है (व) अप्रशस्त शुभोपयोग **भव-वड्ढगो**-भव वर्द्धक है (व) **संसार-विहवं**-संसार के वैभव को **वि**-भी **देदि**-देता है।

शुभोपयोग कहाँ ?

विज्जदे सुहुवजोगो, अविरद-देसविरद-पमत्तेसुं च।
अप्पसत्थ-सणिदाणो, पूरगो तहा भव-कंखाण।।45।।

अन्वयार्थ-सुहुवजोगो-शुभ उपयोग **अविरद-देसविरद-पमत्तेसुं च**-अविरत सम्यग्दृष्टि, देशविरत व प्रमत्त गुणस्थान में **विज्जदे**-विद्यमान रहता है **अप्पसत्थो**-अप्रशस्त **सणिदाणो**-निदान सहित **तहा**-तथा **भव-कंखाण**-संसार की आकांक्षाओं का **पूरगो**-पूरक है।

णिदाण-रहिद-भव-कंख-हीण-सद्दिट्ठीइ होज्ज पसत्थो।
णियमेण मोक्ख-हेदू, भवण्णवं तरदि सो जीवो।।46।।

अन्वयार्थ-पसत्थो-प्रशस्त शुभोपयोग **णिदाण-रहिद-भव-कंख-हीण-सद्दिट्ठीइ**-निदान रहित और भवाकांक्षा से हीन सम्यग्दृष्टि के **होज्ज**-होता है (वह) **णियमेण**-नियम से **मोक्ख-हेदू**-मोक्ष का हेतु होता है **सो**-वह (सम्यग्दृष्टि) **जीवो**-जीव **भवण्णवं**-संसार सागर को **तरदि**-पार करता है।

शुद्धोपयोग कहाँ

सुद्धो अपमत्तादो, वट्टदे हु खीण-मोह-पेरंतं।
खवगस्स केवलि-दसा-हेदू उवसामग-सग्गस्स।।47।।

अन्वयार्थ-हु-निश्चय से **सुद्धो**-शुद्धोपयोग **अपमत्तादो**-अप्रमत

गुणस्थान से **खीण-मोह-पेरंतं**-क्षीण मोह पर्यंत **वट्टदे**-वर्तन करता है **उवसामगस्स**-उपशामक का (शुद्धोपयोग) **सग्गस्स**-स्वर्ग का व **खवगस्स**-क्षपक का (शुद्धोपयोग) **केवलि-दसा-हेदू**-केवली दशा का हेतु है।

शुद्धोपयोग फल

सजोगजोग-ठाणेसु, सुद्धुवजोगस्स फलं हि जाणेह।
सजोगजोग-केवली, होंति सुहासुह-सुद्ध-रहिदा।।48।।

अन्वयार्थ-सजोगजोग-ठाणेसु-सयोग केवली व अयोग केवली गुणस्थानों में **सुद्धुवजोगस्स**-शुद्धोपयोग का **फलं**-फल **हि**-ही **जाणेह**-जानो **सजोग-अजोग-केवली**-सयोग तथा अयोग केवली **सुहासुह-सुद्ध**-रहिदा-शुभ, अशुभ व शुद्ध उपयोग से रहित **होंति**-होते हैं।

उपयोग भेद

जीवस्स सल्लक्खणं, उवजोगो दुविहो भणिदो सत्थे।
दंसण-णाणुवजोगा, होज्ज खलु पत्तेय-जीवस्स।।49।।

अन्वयार्थ-सत्थे-शास्त्र में **जीवस्स**-जीव का **सल्लक्खणं**-सत् लक्षण **उवजोगो**-उपयोग **दुविहो**-दो प्रकार का **भणिदो**-कहा गया है **दंसण-णाणुवजोगा**-दर्शनोपयोग व ज्ञानोपयोग **खलु**-निश्चय से **पत्तेय-जीवस्स**-प्रत्येक जीव के **होज्ज**-होते हैं।

दंसणणाणुवजोगा, कमेण चदुहो अट्ठविहो होज्जा।
छउमत्थाण कमेणं, णियमेण केवलीण जुगवं।।50।।

अन्वयार्थ-दंसणणाणुवजोगा-दर्शन उपयोग व ज्ञानोपयोग **कमेण** - क्रम से **चदुहो**-चार प्रकार व **अट्ठविहो**-आठ प्रकार का **होज्जा**-

होता है (दोनों उपयोग) **णियमेण**-नियम से **छउमत्थाण**-छद्मस्थ के **कमेणं**-क्रम से (व) **केवलीण**-केवलियों के **जुगवं**-युगपत् होते हैं।

उपयोग का सद्भाव

एग-जीवस्स णिच्चं, बे-उवजोगादो होज्ज सत्तादु।
भासिदो जिणसासणे, उवजोगो जीव-लक्खणं हु।।51।।

अन्वयार्थ-**हु**-निश्चय से **जीव-लक्खणं**-जीव का लक्षण **उवजोगो**-उपयोग है **एग-जीवस्स**-एक जीव के **णिच्चं**-नित्य **बे-उवजोगादो**-दो उपयोग से **सत्तादु**-सात उपयोग तक **होज्ज**-हो सकते हैं ऐसा **जिणसासणे**-जिनशासन में **भासिदो**-कहा गया है।

इदि विदियाहियारो

अह तिदिय-गुणट्ठाणाहियारो

तृतीयाधिकार मंगलाचरण

देदि सया जो सुमदिं, अप्पहिद-हेदू सव्व-जीवाणं।
सुमदिणाह-देवं तं, विणासाय कुमदीए थुणमि।।52।।

अन्वयार्थ-जो-सो **सया**-सदा **सुमदिं**-सुमति **देदि**-देते हैं **सव्व-जीवाणं**-सभी जीवों के लिए **अप्पहिद-हेदू**-आत्म हित के हेतु हैं **कुमदीए**-कुमति के **विणासाय**-विनाश के लिए **तं**-उन **सुमदिणाह-देवं**-श्री सुमतिनाथ देव की **थुणमि**-स्तुति करता हूँ।

पोम्मव्व जस्स वण्णो, मुत्तित्थि-भत्तू जो सिरि-बीयं च।
वंदिय पोम्मजिणं तं, गुणट्ठाणाहियारं दिसमि।।53।।

अन्वयार्थ-जस्स-जिसका **वण्णो**-वर्ण **पोम्मव्व**-पद्म के समान है **जो**-जो **सिरि-बीयं**-श्री बीज **च**-और **मुत्तित्थि-भत्तू**-मुक्ति रूपी स्त्री के भर्त्ता हैं **तं**-उन **पोम्मजिणं**-श्री पद्मप्रभ जिन की **वंदिय**-वंदना करके **गुणट्ठाणाहियारं**-गुणस्थानाधिकार को **दिसमि**-कहता हूँ।

गुणस्थान निष्पत्ति

जीवस्स परिणामेहि, होज्ज गुणट्ठाणं चउदसविहं च।
भावा भव-सिव-हेदू, वड्ढंति भावेहि कमसो हि।।54।।

अन्वयार्थ-गुणट्ठाणं-गुणस्थान **चउदसविहं**-चौदह प्रकार के होते हैं (गुणस्थान) **जीवस्स**-जीव के **परिणामेहि**-परिणामों के द्वारा **हि**-ही बनते हैं वे **कमसो**-क्रमशः **भावेहि**-भावों से **वड्ढंति**-वृद्धि को प्राप्त होते हैं (और) **भावा**-भाव ही **भव-सिव-हेदू च**-संसार व मोक्ष के कारण होते हैं।

उदयुवसम-खया तहा, परिणामा दंसण-चरिय-मोहस्स।
खओवसमिया भावा, गुणट्ठाण-कारणं जाणह।।55।।

अन्वयार्थ-दंसण-चरिय-मोहस्स-दर्शन व चारित्र मोहनीय का **उदयुवसम-खया**-उदय, उपशम, क्षय **परिणामा**-परिणाम **तहा**-तथा **खओवसमिया**-क्षायोपशमिक **भावा**-भाव **गुणट्ठाण-कारणं**-गुणस्थान (की निष्पत्ति) का कारण **जाणह**-जानो।

दर्शन व चारित्र मोहनीय अपेक्षा गुणस्थान

पडुच्च दंसणमोहं, होज्ज पढमादो तुरिय-ठाणंतं।
ठाणाणि चरिय-मोहं, पणमादो खीणमोहंतं।।56।।

अन्वयार्थ-पढमादो-प्रथम गुणस्थान से **तुरिय-ठाणंतं**-चतुर्थ गुणस्थान तक **ठाणाणि**-सभी गुणस्थान **दंसणमोहं**-दर्शनमोह की **पडुच्च**-अपेक्षा करके **होज्ज**-होते हैं (तथा) **पणमादो**-पंचम से **खीणमोहंतं**-क्षीण मोह गुणस्थान तक (सभी गुणस्थान) **चरिय-मोहं**-चारित्र मोहनीय की अपेक्षा करके होते हैं।

योग से गुणस्थान

होज्ज जोगेण मेत्तं, सजोगाजोग-केवलि-ठाणाइं।
जोग-सहिदो सजोगी, जोग-हीणो अजोगी जाण।।57।।

अन्वयार्थ-मेत्तं-मात्र **जोगेण**-योग से **सजोग-अजोग-केवलि-ठाणाइं**-सयोग व अयोग केवली गुणस्थान **होज्ज**-होते हैं **सजोगी**-सयोग केवली गुणस्थान **जोग-सहिदो**-योग से सहित व **अजोगी**-अयोग केवली गुणस्थान **जोग-हीणो**-योग से विहीन **जाण**-जानो।

गुणस्थान नाम

मिच्छत्तं सासणं च, मिस्सोअविरदं तह देसविरदं।
पमत्तापमत्तविरद-अपुव्वकरणाणिविट्टी खलु।।58।।

सुहुम-संपरायं तह, उवसंत-खीणा सजोगाजोगी।
चोद्दसं गुणट्ठाणं, भणिदं जिणसमयम्मि जिणेहि।।59।।

अन्वयार्थ-**मिच्छत्तं**-मिथ्यात्व **सासणं**-सासादन **मिस्सो**-मिश्र-(सम्यक्मिथ्यात्व) **अविरदं**-अविरत सम्यग्दृष्टि **देसविरदं**-देश विरत **पमत्तापमत्त-विरदं**-प्रमत्त विरत, अप्रमत्त विरत **अपुव्वकरणाणि-विट्टी च**-अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण **सुहुम-संपरायं**-सूक्ष्म सांपराय **उवसंत-खीणा तह**-उपशांत मोह तथा क्षीण मोह **सजोगाजोगी तह**-सयोग केवली तथा अयोग केवली **खलु**-निश्चय से (ये) **चोद्दसं**-चौदह **गुणट्ठाणं**-गुणस्थान **जिणसमयम्मि**-जिन समय में **जिणेहि**-जिनेन्द्र के द्वारा **भणिदं**-कहे गए हैं।

मिथ्यात्व गुणस्थान

मिच्छोदयेण जीवो, जो कुदेव-धम्मं कुगुरु-सत्थं च।
सद्दहदे सो हिंडदि, चिरं भवम्मि मिच्छाइट्ठी।।60।।

अन्वयार्थ-**जो**-जो **जीवो**-जीव **मिच्छोदयेण**-मिथ्यात्व के उदय से **कुदेव-धम्मं**-कुदेव, कुधर्म **कुगुरु-सत्थं च**-कुगुरु और कुशास्त्र पर **सद्दहदे**-श्रद्धान करता है **सो**-वह **मिच्छाइट्ठी**-मिथ्यादृष्टि जीव **चिरं**-चिरकाल तक **भवम्मि**-संसार में **हिंडदि**-परिभ्रमण करता है।

देहप्पं मणदेगो, अप्परूविव सद्दहदि परदव्वं।
जीवादि-तच्चाणि णो, जिणधम्मादु बहिरो मिच्छो।।61।।

अन्वयार्थ-जो **देहप्पं**-देह व आत्मा को **एगो**-एक **मणदे**-मानता है **अप्परूव-इव**-आत्म रूप के समान **परदव्वं**-पर द्रव्य पर **सद्दहदि**-श्रद्धान करता है **जीवादि-तच्चाणि**-जीवादि तत्त्व पर **णो**-श्रद्धान नहीं करता (वह) **मिच्छो**-मिथ्यादृष्टि जीव **जिणधम्मादु**-जिनधर्म से **बहिरो**-बाह्य है।

सासादन गुणस्थान

पइडि-एगुदयेण अवि, सासणणंताणुबंधि-कसायस्स।
उक्कुसेणं छावली, पडणे सम्मत्त-सेलादो।।62।।

अन्वयार्थ-सम्मत्त-सेलादो-सम्यक्त्व के शैल से **पडणे**-गिरने पर **अणंताणुबंधि-कसायस्स**-अनंतानुबंधी कषाय के **पइडि-एगुदयेण**-एक प्रकृति के उदय से **अवि**-भी **सासणं**-सासादन गुणस्थान (होता है जो) **उक्कुसेणं**-उत्कृष्ट से **छावली**-छः आवली समय का है।

सम्मत्त-पव्वयादो, पडणे समभिमुहो मिच्छभूमीइ।
सम्मत्त-विराहगो हु, सासादण-सद्दिट्ठी जाण।।63।।

अन्वयार्थ-सम्मत्त-पव्वयादो-सम्यक्त्व रूपी पर्वत से **पडणे**-गिरने पर **मिच्छभूमीइ**-मिथ्यात्व रूपी भूमि के **समभिमुहो**-सन्मुख (वह) **सम्मत्त-विराहगो**-सम्यक्त्व का विराधक **हु**-निश्चय से **सासादण-सद्दिट्ठी**-सासादन सम्यग्दृष्टि **जाण**-जानो।

मिश्र गुणस्थान

मिस्स-पइडि-उदयेणं, जत्तंतरसव्वघादिकज्जेणं।
सम्म-मिच्छ-परिणामो, होदि अंब-मिट्ठिव मिस्सो हु।।64।।

अन्वयार्थ-जत्तंतरसव्वघादिकज्जेणं-जात्यंतर सर्वघाति के कार्यरूप **मिस्स-पइडि-उदयेणं**-मिश्र प्रकृति के उदय से **अंब-मिट्ठिव**-अम्ल-मिष्ट के समान **सम्म-मिच्छ-परिणामो**-सम्यक्-मिथ्यात्व रूप मिश्र परिणाम **होदि**-होते हैं वह **हु**-निश्चय से **मिस्सो**-मिश्र गुणस्थान होता है।

मुहुत्त-कालस्स जम्म-मरण-हीणाहारगाण सण्णीण।
जागरिआवत्थाए, चदु-गदि-जीवाणं तिदियं च।।65।।

अन्वयार्थ-तिदियं-यह तृतीय गुणस्थान **मुहुत्त-कालस्स**-मात्र मुहूर्त्त काल के लिए **जम्म-मरण-हीणाहारगाण**-जन्म-मरण से हीन, आहारक **सण्णीण**-संज्ञी **च**-और **जागरिआवत्थाए**-जागृत अवस्था में **चदु-गदि-जीवाणं**-चारों गति के जीवों के जानना चाहिए।

उपशम सम्यक्त्व

दंसण-मोहस्सेग-ति-पइडीइ वा अणंताणुबंधिस्स।
उवसमेणं हु उवसम-सम्मत्तं होदि मुहुत्तस्स।।66।।

अन्वयार्थ-हु-निश्चय से **दंसण-मोहस्स**-दर्शन मोहनीय की **एग-ति-पइडीइ वा**-एक या तीन प्रकृतियों तथा **अणंताणुबंधिस्स**-अनंतानुबंधी कषाय के **उवसमेणं**-उपशम से **मुहुत्तस्स**-मुहूर्त्त काल के लिए **उवसम-सम्मत्तं**-उपशम सम्यक्त्व **होदि**-होता है।

क्षायोपशमिक व क्षायिक सम्यक्त्व

सम्मत्तस्सुदयादो, सव्वघादि-उदयाभावि-खयादो।
सिं सदवत्थुवसमादु, छावट्ठि-सागरुक्कुसेणं।।67।।

होज्ज खओवसमियं हु, खयादो खयियं सत्त-पयडीणं।
केवलि-दुग-पदमूले, वज्जरिसहणाराय-जुदस्स।।68।।

णरस्स कम्मभूमीइ, णिट्ठावणा होज्ज चदु-गदीसुं च।
खयियो लहदे मोक्खं, तब्भव-तिदिय-चदुत्थ-भवादु।।69।।

अन्वयार्थ-सम्मत्तस्स-सम्यक्त्व के **उदयादो**-उदय से **सव्वघादि-उदयाभावि-खयादो**-सर्वघाती स्पर्द्धकों के उदयाभावी क्षय से **सिं**-उन्हीं के **सदवत्थुवसमादु**-सदवस्था रूप उपशम से **हु**-निश्चय से **खओवसमियं**-क्षायोपशमिक सम्यग्दर्शन **होज्ज**-होता है (यह) **छावट्ठि-सागरुक्कुसेणं**-उत्कृष्ट से 66 सागर वाला होता है। **सत्त-पयडीणं**-सात प्रकृतियों के **खयादो**-क्षय से **खयियं**-क्षायिक सम्यग्दर्शन होता है (वह) **कम्मभूमीइ**-कर्मभूमी के **वज्जरिसहणाराय-जुदस्स**-वज्रवृषभनाराच संहनन से युक्त **णरस्स**-मनुष्य के **केवलि-दुग-पद-मूले**-केवली या श्रुतकेवली के पादमूल में होता है **च**-और **णिट्ठावणा**-निष्ठापना **चदुगदीसुं**-चारों गतियों में

होज्ज-हो सकती है। **खयियो**-क्षायिक सम्यग्दृष्टि **तब्भव-तिदिय-चदुत्थ-भवादु**-उस भव, तृतीय भव वा चतुर्थ भव से **मोक्खं**-मोक्ष **लहदे**-प्राप्त करता है।

चतुर्थ गुणस्थानवर्ती शिवमार्गी नहीं

अविरद-सद्दिट्ठीणं, अप्पच्चक्खाण-कसायुदयादो।
तम्हा णहि सिव-मग्गी, जम्हा किंचिवि ण होदि वदं।।70।।

अन्वयार्थ-अप्पच्चक्खाण-कसायुदयादो-अप्रत्याख्यान कषाय के उदय से **अविरद-सद्दिट्ठीणं**-अविरत सम्यग्दृष्टियों के **जम्हा**-क्योंकि **किंचिवि**-किंचित् भी **वदं**-व्रत **ण**-नहीं **होदि**-होता **तम्हा**-इसीलिए वे **सिव-मग्गी**-शिवमार्गी **णहि**-नहीं हैं।

एकदेश मोक्षमार्गी

णर-तिरिया देसवदी, होज्ज अप्पच्चक्खाणाणुदयादु।
णादव्वा तम्हा ते, एगदेस-मोक्खमग्गी खलु।।71।।

अन्वयार्थ-अप्पच्चक्खाणाणुदयादु-अप्रत्याख्यान कषाय के अनुदय से **णर-तिरिया**-नर-तिर्यंच **देसवदी**-देशव्रती **होज्ज**-होते हैं **तम्हा**-इसीलिए **ते**-उन्हें **खलु**-निश्चय से **एगदेस-मोक्खमग्गी**-एकदेश मोक्षमार्गी **णादव्वा**-जानना चाहिए।

देशविरत गुणस्थान

पच्चक्खाणुदयादो, सयल-संजमो ण होदि जीवाणं।
देसवदी ते लहंति, सग्गाइ-सुगदिं पुण मोक्खं।।72।।

अन्वयार्थ-पच्चक्खाणुदयादो-प्रत्याख्यान कषाय के उदय से **जीवाणं**-जीवों के **सयल-संजमो**-सकल संयम **ण**-नहीं **होदि**-होता। (देश व्रत धारण करने वाले) **ते**-वे **देसवदी**-देशव्रती **सग्गाइ-सुगदिं**-स्वर्गादि सुगति **पुण**-पुनः **मोक्खं**-मोक्ष **लहंति**-प्राप्त करते हैं।

प्रमत्तविरत

पच्चक्खाण-विहीणे, संजलण-णोकसायाणुदयादो।
उप्पण्ण-संजम-सहिद-पमादो अवि पमत्त-विरदो।।73।।

अन्वयार्थ-पच्चक्खाण-विहीणे-प्रत्याख्यान से विहीन होने पर **संजलण-णोकसायाण**-संज्वलन व नोकषाय के **उदयादो**-उदय से **उप्पण्ण-संजम-सहिद-पमादो-अवि**-उत्पन्न संयम के साथ प्रमाद भी होता है अत: वह **पमत्त-विरदो**-प्रमत्त विरत है।

पमत्त-ठाणवत्ती य, दंसण-णाण-चरिय-सह-णिग्गंथो।
ववहार-मोक्खमग्गी, णिच्छयेणं मोक्खाकंखी।।74।।

अन्वयार्थ-पमत्त-ठाणवत्ती-प्रमत्त गुणस्थानवर्त्ती **दंसण-णाण-चरिय-सह-णिग्गंथो**-दर्शन, ज्ञान और चारित्र से सहित निर्ग्रंथ **णिच्छयेणं**-निश्चय से **मोक्खाकंखी**-मोक्षाकांक्षी **य**-और **ववहार-मोक्खमग्गी**-व्यवहार मोक्षमार्गी हैं।

प्रमत्तभाव के कारण

विसय-कसायिंदिय-रदि-णिद्दाण हेदू होज्जणुच्छाहे।
धम्मम्मि परिणामे य, पमत्त-भावो हि णियमेणं।।75।।

अन्वयार्थ-विसय-कसायिंदिय-रदि-णिद्दाण हेदू य-विषय, कषाय, इंद्रिय, रति और निद्रा के कारण **धम्मम्मि**-धर्म में **अणुच्छाहे**-अनुत्साह के **परिणामे**-परिणाम होने पर **णियमेणं**-नियम से **पमत्त-भावो**-प्रमत्त भाव **हि**-ही **होज्ज**-होता है।

अप्रमत्त विरत

जदा तदा मंदुदयो, होदि संजलण-णोकसायाण खलु।
अपमत्त-गुणट्ठाणं, णिरदिसय-सादिसय-दुविहं च।।76।।

अन्वयार्थ-जदा-जब **संजलण-णोकसायाण**-संज्वलन, नोकषाय का **मंदुदयो**-मंद उदय **होदि**-होता है **तदा**-तब **खलु**-निश्चय से **अपमत्त-गुणट्ठाणं**-अप्रमत्त गुणस्थान होता है **च**-और **णिरदिसय-सादिसय-दुविहं**-यह निरतिशय व सातिशय दो प्रकार का है।

णिरदिसय-ठाणवत्ती, असंख-वारं फासदे पमत्तं।
सादिसय-ठाणवत्ती, खवगोवसामगा खलु होज्ज।।77।।

अन्वयार्थ-णिरदिसय-ठाणवत्ती-निरतिशय (सप्तम) गुणस्थानवर्ती **असंख-वारं**-असंख्यात बार **पमत्तं**-प्रमत्त गुणस्थान का **फासदे**-स्पर्श करते हैं **सादिसय-ठाणवत्ती**-सातिशय गुणस्थानवर्त्ती **खलु**-निश्चय से **खवगोवसामगा**-क्षपक व उपशामक **होज्ज**-होते हैं।

अपूर्वकरण गुणस्थान

होंति अपुव्व-भावा हु, सया अपुव्वापुव्व-विसुद्धीए।
सु-सम-विसम-समयवत्ति-मुणिस्स संभवा भावा ते।।78।।

अन्वयार्थ-हु-निश्चय से **अपुव्व-भावा**-अपूर्व भाव **सया**-सदा **अपुव्वापुव्व-विसुद्धीए**-अपूर्व-अपूर्व विशुद्धि के लिए **होंति**-होते हैं **ते**-वे **भावा**-परिणाम **सु-सम-विसम-समयवत्ति-मुणिस्स**-सु सम समयवर्ती व विषम समयवर्ती मुनि के **संभवा**-संभव हैं।

भिण्ण-समयवत्तीणं, णाणाविहा खलु होंति परिणामा।
एग-समयवत्तीणं, सद्दस-विसद्दस-परिणामा।।79।।

अन्वयार्थ-अपूर्वकरण गुणस्थान में **भिण्ण-समयवत्तीणं**-भिन्न समयवर्तियों के **खलु**-निश्चय से **णाणाविहा**-नाना प्रकार के **परिणामा**-परिणाम **होंति**-होते हैं तथा **एग-समयवत्तीणं**-एक समयवर्तियों के **सद्दस-विसद्दस-परिणामा**-परिणाम सदृश वा विसदृश भी होते हैं।

अनिवृत्तिकरण गुणस्थान

एग-समयवत्ती खलु, जह संठाणादीहि णियट्टंते।
तह परिणामेहिं ते, णो णियट्टंते अणिविट्टी।।80।।

सद्दस-परिणामा सय, होंति एग-समयवत्ति-जोगीणं।
भिण्ण-समयवत्तीणं, णियमेणं भिण्ण-परिणामा।।81।।

अन्वयार्थ-एग-समयवत्ती-एक समयवर्त्ती जीव **जह**-जिस प्रकार **संठाणादीहि**-संस्थान आदि की अपेक्षा **णियट्टंते**-निवृत्ति (भेद) को प्राप्त होते हैं **तह**-उसी प्रकार **ते**-वे जीव **परिणामेहिं**-परिणामों की अपेक्षा **णो णियट्टंते**-निवृति (भेद) को प्राप्त नहीं होते (अतः) **खलु**-निश्चय से वह **अणिविट्टी**-अनिवृत्तिकरण गुणस्थान कहलाता है। इस गुणस्थान में **एग-समयवत्ति-जोगीणं**-एक समयवर्ती योगियों के **सय**-सदा **सद्दस-परिणामा**-सदृश परिणाम **होंति**-होते हैं व **भिण्ण-समयवत्तीणं**-भिन्न समयवर्तियों के **णियमेणं**-नियम से **भिण्ण-परिणामा**-भिन्न परिणाम होते हैं।

सूक्ष्म सांपराय गुणस्थान

खयादु उवसमादु वा, णिच्चं संजलण-णोकसायाणं।
जिण्ण-पडस्स वण्णोव्व, मूल-वण्ण-विहीणं दहमं।।82।।

सत्तावीस-पयडीण, मोहणीयस्स उवसम-खयादु वा।
सुहुम-संपरायं खलु, विज्जमाणे सुहुम-लोहम्मि।।83।।

अन्वयार्थ-णिच्चं-नित्य **संजलण-णोकसायाणं**-संज्वलन नोकषाय के **खयादु**-क्षय **वा**-अथवा **उवसमादु**-उपशम से **जिण्ण-पडस्स**-जीर्ण वस्त्र के **वण्णोव्व**-वर्ण के समान **मूल-वण्ण-विहीणं**-मूल वर्ण से विहीन **दहमं**-दशम गुणस्थान कहा गया है। **मोहणीयस्स**-मोहनीय कर्म की **सत्तावीस-पयडीण**-सत्ताईस प्रकृतियों के **उवसम**-

खयादु वा-उपशम या क्षय से **सुहुम-लोहम्मि**-सूक्ष्म लोभ के **विज्जमाणे**-विद्यमान होने पर **खलु**-निश्चय से **सुहुम-संपरायं**-सूक्ष्म सांपराय गुणस्थान होता है।

उपशांत मोह गुणस्थान

सुणिम्मलं होदि जहा, णीरं सया कदग-फल-संजुत्तं।
उवसंत-कसायो तह, मोहुवसमादो उवसंतो।।84।।

अन्वयार्थ-जहा-जिस प्रकार **कदग-फल-संजुत्तं**-फिटकरी से संयुक्त **णीरं**-नीर **सया**-सदा **सुणिम्मलं**-सुनिर्मल **होदि**-होता है **तह**-उसी प्रकार **मोहुवसमादो**-मोह के उपशम से **उवसंत-कसायो**-कषाय उपशांत होती है वह **उवसंतो**-उपशांत मोह गुणस्थान कहलाता है।

क्षीणमोह गुणस्थान

णिस्सेस-मोह-णासे, होदि सुह-खीण-मोह-गुणट्ठाणं।
सुद्धुवजोग-संजुदो, तत्थ ठिद-णिग्गंथो णेयो।।85।।

अन्वयार्थ-णिस्सेस-मोह-णासे-नि:शेष मोहनीय कर्म का नाश होने पर **सुह-खीण-मोह-गुणट्ठाणं**-शुभ क्षीण मोह गुणस्थान **होदि**-होता है **सुद्धुवजोग-संजुदो**-शुद्धोपयोग से संयुक्त **तत्थ**-वहाँ **ठिद-णिग्गंथो**-स्थित निर्ग्रन्थ **णेयो**-जानने चाहिए।

संयोग केवली गुणस्थान

णाण-दंसणावरणंतराय-मोह-घादि-कम्म-विहीणो।
अणंत-चदुक्क-सहिदो, सजोग-केवली सया होदि।।86।।

अन्वयार्थ-सजोग-केवली-सयोग केवली **सया**-सदा **णाण-दंसणावरणंतराय-मोह-घादि-कम्म-विहीणो**-ज्ञानावरण, दर्शनावरण, अंतराय व मोहनीय इन घातिया कर्मों से विहीन **अणंत-चदुक्क-सहिदो**-अनंत चतुष्टय से सहित **होदि**-होते हैं।

अयोग केवली गुणस्थान

चुलसीदि-लक्ख-उत्तर-गुणट्ठदस-सहस्स-सील-सहिदो य।
केवली जोग-हीणो , अजोग-केवली णादव्वो।।87।।

अन्वयार्थ-चुलसीदि-लक्ख-उत्तर-गुणट्ठदस-सहस्स-सील-सहिदो य-84 लाख उत्तर गुण व 18 हजार शील से सहित **जोग-हीणो**-योग से हीन **केवली**-केवली **अजोग-केवली**-अयोग केवली **णादव्वो**-जानने चाहिए।

सिद्ध

सव्व-जीव-संसारी, मिच्छत्तादो अजोग-पज्जंतं।
सव्व-कम्म-विहीणो हु, अमुत्तिगो सासयो सिद्धो।।88।।

अन्वयार्थ-मिच्छत्तादो-मिथ्यात्व से **अजोग-पज्जंतं**-अयोग केवली पर्यंत **सव्व-जीव-संसारी**-सभी जीव संसारी होते हैं **सव्व-कम्म-विहीणो**-सभी कर्मों से विहीन **अमुत्तिगो**-अमूर्त्तिक **सासयो**-शाश्वत **हु**-निश्चय से **सिद्धो**-सिद्ध हैं।

गुणट्ठाण-लक्खणं हु, भावं सरूवं तहा णादूणं।
सव्व-कम्मं खयिदूण, लहेज्जा अप्प-सुद्ध-भावं।।89।।

अन्वयार्थ-हु-निश्चय से **गुणट्ठाण-लक्खणं**-गुणस्थान के लक्षण **भावं**-भाव **तहा**-तथा **सरूवं**-स्वरूप को **णादूणं**-जानकर **सव्व-कम्मं खयिदूण**-सर्व कर्म क्षयकर **अप्प-सुद्ध-भावं**-आत्मा के शुद्ध भाव को **लहेज्जा**-प्राप्त करना चाहिए।

इदि तिदियाहियारो

अह चदुत्थ-णवपदत्थाहियारो

चतुर्थाधिकार मंगलाचरण

मणे सुपास-पहू मे, लीणं मम चित्तं तस्स चरणेसु।
होदु सया भत्तीए, पणमामि तं भव-णासेदुं।।90।।

अन्वयार्थ-मे-मेरे **मणे**-मन में **सया**-सदा **सुपास-पहू**-सुपार्श्व प्रभु **होदु**-होवें **मम**-मेरा **चित्तं**-चित्त **तस्स**-उनके **चरणेसु**-चरणों में **लीणं**-लीन हो। **भव-णासेदुं**-भव नाश के लिए (मैं) **तं**-उन्हें **भत्तीए**-भक्ति से **पणमामि**-नमस्कार करता हूँ।

जस्स पहा चंदोव्व हु, जिणवरेसु वि जो चंदप्पहं तं।
णमित्ता पडिवायामि, सया णवपदत्थाहियारं।।91।।

अन्वयार्थ-जस्स-जिसकी **पहा**-प्रभा **चंदोव्व**-चंद्र के समान है **जो**-जो **जिणवरेसु**-जिनवरों में **वि**-भी (चंद्र के समान हैं) **हु**-निश्चय से **तं**-उन **चंदप्पहं**-चंद्रप्रभ भगवान् को **णमित्ता**-नमस्कार कर **सया**-सदा **णवपदत्थाहियारं**-नव पदार्थाधिकार का **पडिवायामि**-प्रतिपादन करता हूँ।

मुक्त जीव

णाण-दंसण-संजुदो, णिक्कम्मामुत्तिगो सहावजुदो।
होज्ज सासयो मुत्तो, पुण्ण-सुद्ध-णिरंजण-सिद्धो।।92।।

अन्वयार्थ-पुण्ण-सुद्ध-णिरंजण-सिद्धो-पूर्ण शुद्ध, निरंजन, सिद्ध **णाण-दंसण-संजुदो**-ज्ञान-दर्शन से संयुक्त **णिक्कम्मामुत्तिगो**-निष्कर्म, अमूर्त्तिक **सहावजुदो**-स्वभाव युक्त **सासयो**-शाश्वत व **मुत्तो**-मुक्त **होज्ज**-होते हैं।

शुद्धाशुद्ध जीव स्वभाव

कत्तु-भोत्तू बंधगो, मुत्तिगो तहा जम्म-मरण-सहिदो।
उड्ढ-गमण-सहावी य, जीवो सुद्धो सुद्धणयेण।।93।।

अन्वयार्थ-(अशुद्ध जीव) **कत्तु-भोत्तू**-कर्ता-भोक्ता **बंधगो**-बंधक **मुत्तिगो**-मूर्त्तिक **जम्म-मरण-सहिदो**-जन्म-मरण से सहित है **तहा**-तथा **सुद्धणयेण**-शुद्ध नय से **जीवो**-जीव **सुद्धो**-शुद्ध **य**-और **उड्ढ-गमण-सहावी**-ऊर्ध्व गमन स्वभावी है।

अजीव द्रव्य

णेयं अजीव-दव्वं, चेयणा-लक्खण-वज्जिदं णिच्चं।
पोग्गल-धम्माधम्मा, खं कालो पणविहाजीवो।।94।।

अन्वयार्थ-**णिच्चं**-नित्य ही **चेयणा-लक्खण-वज्जिदं**-चेतना लक्षण से वर्जित **अजीव-दव्वं**-अजीव द्रव्य **णेयं**-जानना चाहिए **अजीवो**-अजीव **पणविहो**-पाँच प्रकार के हैं **पोग्गल-धम्माधम्मा**-पुद्गल, धर्म, अधर्म **खं**-आकाश व **कालो**-काल।

आस्रव

कम्मागमण-दारं हु, दुविहासवो दव्व-भाव-भेयादु।
जह णाणं तह रूवो, एरिसो गणहरेहि भणिदो।।95।।

अन्वयार्थ-**कम्मागमण-दारं**-कर्म के आगमन के द्वार को **आसवो**-आस्रव कहते है (वह) **दव्व-भाव-भेयादु**-द्रव्य और भाव के भेद से **दुविहो**-दो प्रकार का है **जह**-जैसा **णाणं**-नाम है **तह**-वैसा **रूवो**-स्वरूप है **एरिसो**-ऐसा **हु**-निश्चय से **गणहरेहि**-गणधरों के द्वारा **भणिदो**-कहा गया है।

आस्रव प्रत्यय

मिच्छत्ताविरदि-जोग-पमाद-कसायेहि दव्वासवो य।
भावो तस्स वि हेदू, णादव्वो भावासवो सो।।96।।

अन्वयार्थ-**मिच्छत्ताविरदि-जोग-पमाद-कसायेहि य**-मिथ्यात्व,

अविरति, योग, प्रमाद व कषाय के द्वारा **दव्वासवो**-द्रव्यास्रव **णादव्वो**-जानना चाहिए **भावो**-भाव **तस्स**-उसका **वि**-भी **हेदू**-हेतु है **सो**-वह **भावासवो**-भाव आस्रव जानना चाहिए।

जीवो बंधदि कम्मं, जावदु आसवदि तावदु णियमेण।
आसवस्स सब्भावे, कम्म-णिवत्ती संभवो णो।।97।।

अन्वयार्थ-जावदु-जब तक **जीवो**-जीव **कम्मं**-कर्म **बंधदि**-बांधता है **तावदु**-तब तक **णियमेण**-नियम से **आसवदि**-आस्रव होता है। **आसवस्स**-आस्रव के **सब्भावे**-सद्भाव में **कम्म-णिवत्ती**-कर्मों की निवृत्ति **संभवो**-संभव **णो**-नहीं है।

आस्रव बंध का हेतु

आसवम्मि णिस्सेसे, होदि मोक्खो हु अंतोमुहुत्तम्मि।
आसवो बंध-हेदू, आसव-विहीणो अजोगी य।।98।।

अन्वयार्थ-आसवो-आस्रव **बंध-हेदू**-बंध का हेतु है। **आसवम्मि**-आस्रव के **णिस्सेसे**-नि:शेष होने पर **अंतोमुहुत्तम्मि**-अंतर्मुहूर्त में **हु**-निश्चय से **मोक्खो**-मोक्ष **होदि**-होता है **य**-और **आसव-विहीणो**-आस्रव से विहीन **अजोगी**-अयोग केवली होते हैं।

शुभाशुभास्रव

तिव्व-कसायुदयादो, जो होदि खलु आसवो असुहो सो।
कसाय-मंदुदयादो, सुहासवो तह जिणुद्दिट्ठो।।99।।

अन्वयार्थ-तिव्व-कसायुदयादो-तीव्र कषाय के उदय से **जो**-जो **आसवो**-आस्रव **होदि**-होता है **सो**-वह **खलु**-निश्चय से **असुहो**-अशुभ होता है **तह**-तथा **कसाय-मंदुदयादो**-कषाय के मंद उदय से **सुहासवो**-शुभास्रव **जिणुद्दिट्ठो**-जिनेन्द्र भगवान् के द्वारा कहा गया है।

बंध तत्व

अप्प-पदेसेहिं सह, कम्मवग्गणण्णोण्णं णिबंधंति।
णीर-खीरं व होज्जा, एगमेगो बंधो णिच्चं।।100।।

अन्वयार्थ-अप्प-पदेसेहिं सह-आत्म प्रदेशों के साथ **कम्मवग्गणा**-कर्म वर्गणा **अण्णोण्णं**-परस्पर में **णिबंधंति**-बंधती हैं **णिच्चं**-नित्य ही **बंधो**-बंध **णीर-खीरं व**-नीर-क्षीर के समान **एगमेगो**-एकमेक **होज्जा**-होता है।

चतुर्विध बंध

पयडिट्ठिदि-अणुभागप्पदेस-भेदादु चदुविहो बंधो।
दव्व-भाव-भेयादो, बेविहो अवि मुणेदव्वो य।।101।।

अन्वयार्थ-पयडिट्ठिदि-अणुभागप्पदेस-भेदादु-प्रकृति, स्थिति अनुभाग व प्रदेश के भेद से **बंधो**-बंध **चदुविहो**-चार प्रकार का **मुणेदव्वो**-जानना चाहिए **य**-और **दव्व-भाव-भेयादो**-द्रव्य व भाव के भेद से **बेविहो**-दो प्रकार का **अवि**-भी (जानना चाहिए)।

बंध से भ्रमण

रायद्दोस-अण्णाण-मोहेहिं होदि बंधो णियमेण।
तेहिं भमेदि जीवो, भवम्मि य अणंतकालंतं।।102।।

अन्वयार्थ-रायद्दोस-अण्णाण-मोहेहिं-राग, द्वेष, अज्ञान व मोह से **णियमेण**-नियम से **बंधो**-बंध **होदि**-होता है **य**-और **तेहिं**-उनके द्वारा **जीवो**-जीव **अणंतकालंतं**-अनंत काल तक **भवम्मि**-संसार में **भमेदि**-भ्रमण करता है।

पाप व पुण्य

पुण्ण-पाव-भेयादो, बंधो दुविहो वि होदि णियमेणं।
जीवो सुहेण पुण्णं, बंधदि पावं असुहेणं च।।103।।

अन्वयार्थ-पुण्ण-पाव-भेयादो-पुण्य और पाप के भेद से **बंधो**-बंध **णियमेणं**-नियम से **दुविहो**-दो प्रकार का **वि**-भी **होदि**-होता है **जीवो**-जीव **सुहेण**-शुभ (क्रिया-भावादि) के द्वारा **पुण्णं**-पुण्य **च**-और **असुहेणं**-अशुभ के द्वारा **पावं**-पाप का **बंधदि**-बंध करता है।

योग व कषाय से बंध

होदि कसाय-भावेहि, बहुघादगो ठिदि-अणुभाग-बंधो।
पयडी पदेस-बंधो, तहा जोगेहिं जीवाणं।।104।।

अन्वयार्थ-जीवाणं-जीवों के **कसाय-भावेहि**-कषाय भावों से **बहु-घादगो**-बहु घातक **ठिदि-अणुभाग-बंधो**-स्थिति व अनुभाग बंध **होदि**-होता है **तहा**-तथा **जोगेहिं**-योगों से **पयडी**-प्रकृति व **पदेस-बंधो**-प्रदेश बंध होता है।

कषाय-बंध हेतु

पाव-बंधस्स हेदू, होज्जा दुट्ठ-पविट्ठी जोगाणं।
विणा कसायं मेत्तं, सादा-वेयणीय-बंधो हि।।105।।

अन्वयार्थ-जोगाणं-योगों की **दुट्ठ-पविट्ठी**-दुष्ट प्रवृत्ति **पाव-बंधस्स**-पाप बंध का **हेदू**-हेतु **होज्जा**-होती है **कसायं**-कषाय के **विणा**-बिना **मेत्तं**-मात्र **सादा-वेयणीय-बंधो हि**-साता वेदनीय का ही बंध होता है।

रागी कर्म बद्धक

रायी बंधदि कम्मं, णस्सेदि रायहीणो कम्माइं।
णाणी मुंचदि रायं, राय-हीणो होज्ज सिद्धो हु।।106।।

अन्वयार्थ-रायी-रागी जीव **कम्मं**-कर्म **बंधदि**-बांधता है (व)

रायहीणो-राग से हीन **कम्माइं**-कर्मों को **णस्सेदि**-नष्ट करता है **णाणी**-ज्ञानी **रायं**-राग को **मुंचदि**-छोड़ता है (और) **राय-हीणो**-राग से हीन **हु**-निश्चय से **सिद्धो**-सिद्ध **होज्ज**-होता है।

ज्ञानी कौन ?

जो रयणत्तय-जुत्तो, णाणी मण्णे सो जिणसासणम्मि।
वद-तव-गुत्ति-विहीणो, कहं णाणी मोक्खमग्गी य।।107।।

अन्वयार्थ-**जो**-जो **रयणत्तय-जुत्तो**-रत्नत्रय से युक्त है **सो**-वह **जिणसासणम्मि**-जिन शासन में **णाणी**-ज्ञानी **मण्णे**-माना जाता है **वद-तव-गुत्ति-विहीणो**-व्रत, तप व गुप्ति से विहीन **कहं**-कैसा **णाणी**-ज्ञानी **य**-और (कैसा) **मोक्खमग्गी**-मोक्षमार्गी? अर्थात् नहीं हो सकता।

संवर तत्त्व

जेहि कारणेहिं खलु, सया णिरुंभिज्जदि कम्मागमणं।
संवर-तच्चं ताइं, जाण संवर-जुत्तो णाणी।।108।।

अन्वयार्थ-**खलु**-निश्चय से **जेहि**-जिन **कारणेहिं**-कारणों से **सया**-सदा **कम्मागमणं**-कर्मागमन का **णिरुंभिज्जदि**-निरोध किया जाता है **ताइं**-उन्हें **संवर-तच्चं**-संवर तत्त्व **जाण**-जानो **संवर-जुत्तो**-संवर तत्त्व से युक्त **णाणी**-ज्ञानी है।

संवर प्रत्यय

गुत्ति-समिदि-धम्म-चरिय-परिसहजय-बारसाणुवेक्खाओ।
गहदि संवर-कारणं, जो णाणी लहदि सो मोक्खं।।109।।

अन्वयार्थ-**जो**-जो **संवर-कारणं**-संवर के कारण **गुत्ति-समिदि-धम्म-चरिय-परिसहजय-बारसाणुवेक्खाओ**-गुप्ति, समिति, धर्म,

